सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस
दिनांक –30.06.2024

कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा सी-प्लान एप की मदद से थाना सेरमपुर जनपद हुबली कोलकाता से विगत 11 वर्ष से गुमशुदा व्यक्ति को कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 12.06.2024 को कोतवाली जालौन पुलिस को जरिये प्रार्थना-पत्र ज्ञात हुआ कि छोटे साहब पुत्र वीरेन्द्र सिंह गुर्जर नि0 ग्राम सिहारी दाऊदपुर कोतवाली जालौन जनपद जालौन के घर मानसिक रूप से कमजोर एक व्यक्ति विगत डेढ वर्ष से रह रहा है। कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये तत्काल छोटे साहब के घर जाकर उक्त व्यक्ति से पूंछताछ की गयी तो व्यक्ति केवल अपना नाम शोभाराम बता पाया और जानकारी करने पर ग्राम त्रिलोकपुर बताया। कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा तत्काल सी-प्लान एप के माध्यम से पता किया गया तो ग्राम त्रिलोकपुर जनपद अयोध्या (फैजाबाद) के थाना गोंसाईगंज के अन्तर्गत आता है। जिस पर कोतवली जालौन पुलिस द्वारा सी-प्लान एप की मदद से ग्राम त्रिलोकपुर के प्रधान एवं अन्य व्यक्तियों से जरिये मोबाइल से सम्पर्क किया गया तो ज्ञात हुआ कि जय प्रकाश तिवारी पुत्र स्व0 रामसबद तिवारी नि0 ग्राम त्रिलोकपुर थाना गोंसाईगंज जनपद अयोध्या(फैजाबाद) हाल नि0 कोलकाता के बड़े भाई करीब 11-12 वर्ष पहले गुम हुये थे। कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा जय प्रकाश तिवारी उपरोक्त से सम्पर्क किया गया तो उन्होने बताया कि मेरे बड़े भाई शोभाराम तिवारी उम्र करीब 55 वर्ष जो बचपन से ही दिमागी रूप से कमजोर हैं जिनका इलाज कराने के लिये विगत वर्ष 2013 में अपने साथ कोलकाता लेकर गये थे जहां पर इलाज के दौरान दिनांक 27.11.2013 को शोभराम घर से बिना बताये कहीं चले गये थे। जिनकी तलाश करने के उपरान्त पता न चलने पर दिनांक 28.11.2013 को थाना सेरमपुर जनपद हुबली कोलकाता में शोभाराम तिवारी के गुमशुदा होने की सूचना लिखवायी थी। जिसके बाद से हम लोग तलाश कर रहे थे।

आज दिनांक 30.06.2024 को जय प्रकाश तिवारी उपरोक्त अपने परिवारीजन के साथ कोतवाली जालौन पर आये। कोतवाली जालौन पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये विगत 11 वर्षों से गुमशुदा शोभाराम तिवारी को उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। गुमशुदा को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशन्सा की गयी।

बरामद करने वाली टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जालौन मय टीम।